SAINIK SCHOOL AMBIKAPUR
CHHATTISGARH – 497 001

NAME OF THE NEWSPAPER	:	HARI BHOOMI
PAGE NO.	:	16
DATE OF PUBLICATION	:	10 APRIL 2022
PLACE OF PUBLICATION	:	NEW DELHI

प्राचार्य का स्वागत करते कैडेट्स।

सैनिक स्कूल में नवपदस्थ प्राचार्य के स्वागत में डाइनिंग इन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सैनिक स्कूल के कैडेट मेस में शुक्रवार की रात्रि "डिनर नाईट" का आयोजन डाइनिंग इन कर के नवपदस्थ प्राचार्य का औपचारिक स्वागत किया गया। डाइनिंग इन सैन्य परम्परा का एक हिस्सा है। नये सैन्य अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उसके स्वागत में आयोजन किया जाता है।

सैनिक स्कूल के कुशल संचालन के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा एक नियत समय के लिए प्रतिनियुक्ति पर सैन्य अधिकारियों की नियुक्ति प्राचार्य, उपप्रचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी के पद पर की जाती है। इसी क्रम में सैनिक स्कूल के नये प्राचार्य के रूप में अक्टूबर माह के अंत में कर्नल मिताली मधुमिता, सेना मेडल ने पदभार ग्रहण किया था। कोरोना महामारी के समय परिस्थितियां अनुकूल न होने के कारण कैडेट स्कूल में उपस्थित नही थे इस कारण प्राचार्य का मेस में औपचारिक स्वागत नही किया जा सका था। कार्यक्रम में प्राचार्य ने मेस का औपचारिक निरीक्षण किया और व्यवस्था देख कहा कि मेस के भोज्य पदार्थों की गुणवत्ता अच्छी है। मेरा प्रयास है कि मै इसे और बेहतर कर सकू जिससे कैडेटों के पौष्टिक आहार में कोई कमी न रहे। डिनर नाईट में विद्यालय के उपप्राचार्य कमांडर तजिंदर सिंह गिल, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस रोलैंड सिंह, शिक्षक, प्रशासनिक कर्मचारी एवं स्कूल के समस्त कैडेट, गणवेश में सम्मिलित हुए।

SAINIK SCHOOL AMBIKAPUR
CHHATTISGARH – 497 001

NAME OF THE NEWSPAPER	:	NAI DUNIYA
PAGE NO.	:	16
DATE OF PUBLICATION	:	10 APRIL 2022
PLACE OF PUBLICATION	:	NEW DELHI

सैनिक स्कूल के नवपदस्थ प्राचार्य का परंपरानुसार हुआ स्वागत

प्राचार्य का परंपरानुसार स्वागत करते कैडेट एवं स्टाफ ● नईदुनिया

अंबिकापुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सैनिक स्कूल के कैडेट मेस में डिनर नाइफ का आयोजन डाइनिंग इनध कर नवपदस्थ प्राचार्य का औपचारिक स्वागत किया गया। डाइनिंग इन सैन्य परंपरा का एक हिस्सा है। नए सैन्य अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उनके स्वागत स्वरूप डिनर नाइट का आयोजन किया जाता है।

सैनिक स्कूल में रक्षा मंत्रालय द्वारा एक नियत समय के लिए प्रतिनियुक्ति पर सैन्य अधिकारियों की नियुक्ति प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी के पद पर की जाती है। नए प्राचार्य के पद पर अक्टूबर माह में कर्नल मिताली मधुमिता ने पदभार ग्रहण किया था। कोरोना महामारी के समय परिस्थितियां अनुकूल न होने के कारण कैडेट स्कूल में उपस्थित नहीं थे। इस कारण प्राचार्य का मेस में औपचारिक स्वागत नहीं किया जा सका था।

प्राचार्य ने मेस का औपचारिक निरीक्षण किया और व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे मेस के भोज्य पदार्थों की गुणवत्ता अच्छी है, लेकिन सदैव यह मेरा प्रयास रहेगा कि मैं इसे और बेहतर कर सकूं जिससे कैडेटों के पौष्टिक आहार में कोई कमी न रहे। डिनर नाइट में विद्यालय के उपप्राचार्य कमांडर तजिंदर सिंह गिल, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस. रोलैंड सिंह, शिक्षक, प्रशासनिक कर्मचारी एवं स्कूल के कैडेट उपस्थित थे।

SAINIK SCHOOL AMBIKAPUR
CHHATTISGARH – 497 001

NAME OF THE NEWSPAPER	:	PATRIKA
PAGE NO.	:	19
DATE OF PUBLICATION	:	10 APRIL 2022
PLACE OF PUBLICATION	:	NEW DELHI

सैनिक स्कूल में प्राचार्य के स्वागत में डाइनिंग इन का किया गया आयोजन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अंबिकापुर. सैनिक स्कूल अंबिकापुर के कैडेट मेस में 8 अप्रैल को रात्रि में एक डिनर नाईट का आयोजन डाइनिंग इन कर के नवपदस्थ प्राचार्य का औपचारिक स्वागत किया गया। 'डाइनिंग इन' सैन्य परम्परा का एक हिस्सा है। नए सैन्य अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उसके स्वागत स्वरुप इस प्रकार के डिनर नाइट का आयोजन किया जाता है। सैनिक स्कूल अंबिकापुर के नए प्राचार्य के रूप में अक्टूबर माह के अंत में

कर्नल मिताली मधुमिता, सेना मेडल ने पदभार ग्रहण किया था।

कोरोना महामारी के समय परिस्थितियां अनुकूल न होने के कारण कैडेट स्कूल में उपस्थित नहीं थे। इस कारण प्राचार्य का मेस में औपचारिक स्वागत नहीं किया जा सका था। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राचार्य ने मेस का औपचारिक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे मेस के भोज्य पदार्थों की गुणवत्ता अच्छी है, लेकिन सदैव यह मेरा प्रयास रहेगा कि मैं इसे और बेहतर कर सकूं जिससे कैडेटों के पौष्टिक आहार में कोई कमी न रहे। इस डिनर नाइट में विद्यालय के उपप्राचार्य कमांडर तजिंदर सिंह गिल, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस रोलैंड सिंह, शिक्षक, प्रशासनिक कर्मचारी एवं स्कूल के समस्त कैडेट, निर्धारित गणवेश में सम्मिलित हुए।